कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री रामकिशोर मीना निवासी ग्राम पोस्ट लाडली का बास, वाया दौसा जिला दौसा राज0 303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार पापडदा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 54 / 2026

निर्णय

दिनांक 15.05.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार पापडदा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना / नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पापडदा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल / सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश प्रदान किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार पापडदा को इस कार्यालय के पत्र क्रमांकःडीएम कोर्ट / 2025 / 1220 दिनांक 17.04.2026 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पापडदा ने पत्र क्रमांकः आर.टी.आई. / 2026 / 130 दिनांक 01.05.2026 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना जरिये पत्र क्रमांकः 119 दिनांक 28.4.2026 के द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(डॉ.सौम्या झा)
जिला कलक्टर, दौसा